NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 134/NCRES/20 Date : 7.7.2020

श्रीमान महाप्रबन्धक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः— हेडक्वाटर स्तर पर NCRES के साथ दिनांक 25/26 फरवरी 2020 के PNM बैठक में लिये गये निर्णय का क्रियान्वयन किया जाना।

महोदय,

अवगत कराना है कि NCRES के साथ दिनांक 25/26 फरवरी 2020 के PNM बैठक में विभिन्न विभागाध्यक्ष से सम्बन्धित एजेण्डा के कुल 21 मदो पर निर्णय हुआ था लेकिन किसी भी मद पर हुये निर्णय का क्रियान्वयन अभी तक नही हो पाया क्योंकि क्रियान्वयन के लिये प्रधान कार्यालय से मण्डलों को निर्देश जारी नही हुआ।

दिनांक 25.02.2020 को PNM बैठक के प्रारम्भिक भाषण में NCRES के प्रतिनिधियों द्वारा आपके समक्ष उठाये गये तमाम मुद्दों में से 13 मदो पर आपने जल्द निर्णय लेने के लिये उपस्थित PHOD's को निर्देश दिया था लेकिन 4 माह बीत जाने के बाद भी उनपर कोई कार्यवाही अभी तक नही हो पाई है।

यह भी अवगत कराना है कि NCRES ने अपने पत्र दिनांक 25.4.2020 द्वारा PCPO से भी अनुरोध किया कि PNM बैठक में मदो पर हुये निर्णय के क्रियान्वयन के लिये मण्डलों को निर्देश जारी किया जाय। इसके अतिरिक्त NCRES ने अपने पत्र दिनांक 27.4.2020 द्वारा PCPO से यह भी अनुरोध किया कि PNM बैठक में प्रारम्भिक भाषण के समय महाप्रबन्धक महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों पर त्वरित कार्यवाही के लिये भी उचित कार्यवाही की जाय लेकिन अभी तक कुछ नही हो पाया।

अतः NCRES का अनुरोध है कि दिनांक 25/26 फरवरी 2020 के PNM बैठक में विस्तार से चर्चा करने के बाद लिये गये निर्णयों के क्रियान्वयन के लिये उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री